Rapid Fire करेंट अफेयर्स (07 September)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-september-07

- असम स्थित भारतीय रेल का **तिनसुकिया** देश का **4000वाँ** ऐसा स्टेशन बन गया है जहाँ रेलवे द्वारा यात्रियों तथा आसपास के नागरिकों के लिये **निः शुल्क WiFi** सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पूर्वोत्तर में रेल नेटवर्क के साथ यह सुविधा अब वहाँ के लोगों को तकनीक की दुनिया से जुड़ने में सहायता करेगी व उनके सशक्तीकरण में सहायक होगी। गौरतलब है कि भारतीय रेल ने विगत एक महीने में 1000 स्टेशनों पर निः शुल्क WiFi सेवा शुरू की है तथा इसका लक्ष्य हाल्ट स्टेशनों को छोड़कर अपने सभी स्टेशनों पर सार्वजनिक WiFi सेवा शुरू करना है। रेलवे स्टेशनों पर निः शुल्क WiFi सुविधा **रेलवायर WiFi नेटवर्क** के ज़रिये दी जा रही है। **रेलटेल** की एक रिटेल ब्रॉडबैंड पहल रेलवायर के तहत यात्रियों को यह WiFi सेवा दी जा रही है। रेलटेल रेल मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक उपक्रम मिनी रत्न (श्रेणी-I) है तथा भारत में सबसे बड़ी तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है। विदित हो कि पहले चरण में भारतीय रेल ने 1600 स्टेशनों पर यह सेवा शुरू की थी, जबकि दूसरे चरण में इसी साल के अंत तक सभी 5779 स्टेशनों पर यह सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।
- ब्राज़ील के रियो डि जेनेरियो में हाल ही में समाप्त हुई **ISSF विश्व कप प्रतियोगिता** में भारत ने अधिकतम संभावित पदक जीतकर नया कीर्तिमान बनाया। युवा मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीता तथा अभिषेक वर्मा और यशस्विनी देसवाल ने रजत पदक जीता। इन परिणामों के बाद भारत इस वर्ष ISSF विश्व कप के सभी चार चरणों में शीर्ष पर रहा, जिसमें **जूनियर विश्व कप** भी शामिल है। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में दुनिया की नंबर एक निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और दीपक कुमार ने मिश्रित एयर राइफल में स्वर्ण जीता। अंजुम मुद्गिल और दिव्यांश सिंह पंवार ने कांस्य पदक जीते। मनु भाकर और सौरभ चौधरी ISSF के चारों विश्व कप चरणों में मिश्रित टीम एयर पिस्टल का स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस प्रकार भारत ने इस वर्ष ISSF विश्व कप के चार चरणों में 22 पदक जीत लिये, जिसमें 16 स्वर्ण शामिल हैं।
- पाकिस्तान में पहली बार **सिंध पुलिस** में पुष्पा कोहली नाम की एक **हिंदू महिला** को शामिल किया गया है। पुष्पा कोहली को सिंध प्रांत में असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के तौर पर तैनात किया गया है। वह हिंदू समुदाय की पहली महिला हैं जिन्होंने सिंध पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित प्रोविंशियल कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन पास किया है। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में पाकिस्तान की हिंदू समुदाय की **सुमन पवन बोदानी** को सिविल और जुडिशल मैजिस्ट्रेट कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था। हिंदू समुदाय पाकिस्तान का सबसे बड़ा **अल्पसंख्यक समुदाय** है। सरकारी आँकड़ों के मुताबिक, पाकिस्तान में 75 लाख हिंदू रहते हैं, जिनमें से अधिकतर सिंध में आबाद हैं।
- **बांग्लादेश** के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर **मुहम्मद यूनुस** को **वेटिकन** द्वारा **'लैम्प ऑफ पीस ऑफ सेंट फ्रांसिस'** पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें शांति और सद्भाव स्थापित करने में योगदान के लिये सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार लोगों के बीच शांति और संवाद को बढ़ावा देने के लिये किसी एक व्यक्ति के कार्यों को मान्यता देने हेतु दिया जाता है। 'द लैंप ऑफ पीस ऑफ सेंट फ्रांसिस' पुरस्कार पहली बार वर्ष 1981 में पोलैंड ट्रेड यूनियन लीडर लेख वालेसा को दिया गया था, जो बाद में वहाँ के राष्ट्रपति भी बने। इसके अलावा प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को वर्ष 2006 का **नोबेल शांति पुरस्कार** बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के साथ संयुक्त रूप से मिला था। वर्ष 2000 में मोहम्मद यूनुस ने ही

ग्रामीण बैंक की नींव रखी थी, जिसने बांग्लादेश में गरीबों को कर्ज़ मुहैया करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।